स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 06.04.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा लगाये जा रहे श्रम शक्ति कल्याण शिविर का आयुक्त के.एल.चौहान ने निरीक्षण कर हितग्राहियों द्वारा जमा किये जा रहें मुख्यमंत्री पेंशन, दिव्यांग यु.डी.आई.डी., श्रमिक पंजीयन प्रमाण–पत्र तथा बीमा के आवेदनो का अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दिये शुक्रवार को शिविर के माध्यम से विभिन्न योजनाओं के 1349 आवेदन पत्र प्राप्त किये गये है । शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला सुपेला में लगाये गये श्रम शक्ति कल्याण शिविर स्थल पर वैशालीनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक विद्यारतन भसिन, आयुक्त के.एल.चौहान, एवं राजस्व अधिकारी एच.के.चन्द्राकर पहुंच कर काउन्टर का अवलोकन कर जानकारी प्राप्त किये और शिविर में उपस्थित नागरिको को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बता कर पात्र हितग्राहियों को लाभ उठाने के लिए प्रेरित किये । आयुक्त श्री चौहान हाउसिंग बोर्ड कालोनी के सियान सदन भवन, कैम्प क्षेत्र के बी.एस.पी.पानी टंकी परिसर में नवीन प्रा.शाला भवन के सामने शिविर खुर्सीपार, अण्डा चौक सामुदायिक भवन में चल रहे श्रम शक्ति कल्याण शिविर स्थल पर पहुंचकर शिविर का जायजा लिये। शिविर में विशेष रुप से श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र के हितग्राही शामिल हो और जो अभी तक शासन की योजनाओं का लाभ नहीं लिये हैं ऐसे हितग्राही अपने दस्तावेज के साथ आवेदन कर सकते है।

जन सम्पर्क विभाग